प्लेटिनम जयंती एक उत्साह के रूप में मनायेगा वी.यू.

पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में अगामी 08 जुलाई 2022 को अपने 75 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। जिसको विश्वविद्यालय ने एक उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। जिस हेतु दिनाँक 05/04/2022 को पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के कॉन्फ्रेस हॉल में कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्लेटिनम जुबली के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। संबंधित अधिकारियों को उक्त कार्यों को समय पर पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय प्लेटिनम जुबली पूरे एक वर्ष तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनायेगा। जिस हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन, कार्यों का विभाजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सन् 1972 से लेकर आज दिनाँक तक के जितने भी विद्यार्थी यहाँ से पढ़कर निकले है। यहाँ पर उपस्थित होंगे तथा हर कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।

विश्वविद्यालय इस उपलक्ष्य में **Vet Fest** का आयोजन राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तरीय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर सांस्कृतिक, लिटरेरी तथा खेल–कूद आदि की प्रतियोगितायें आयोजित करेगा, ऐंसा निर्णय लिया गया है। उक्त बैठक में अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ. मधु स्वामी, डॉ. सुनील नायक, डॉ. ए.पी. सिंह, डॉ. गिरधारी दास, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. अपरा शाही तथा समस्त प्राध्यापक, सह–प्राध्यापक तथा सहायक प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर